


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, बुधवार, 03 दिसम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 93 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# अब यूपी में बांग्लादेशी-रोहिंग्या घुसपैठियों पर कसेगा शिकंजा!

● 17 नगर निकायों में डिटेंशन सेंटर बनाने का निर्देश



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों पर बड़ी कार्रवाई शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस संबंध में 17 नगर निकायों को निर्देश दे दिए हैं। निर्देश में कहा गया है कि नगर निकायों में काम करने वाले रोहिंग्या और बांग्लादेशियों की सूची बनाएं और कमिश्नर व आईजी को सौपे।

कमिश्नर व आईजी को प्रथम चरण में डिटेंशन सेंटर बनाने का निर्देश दिया गया है। ये डिटेंशन सेंटर प्रदेश के हर मंडल में बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद अधिकारी एक्शन में आ गए हैं।

उत्तर प्रदेश में से विदेशी घुसपैठियों को बाहर करने के लिए दिल्ली की तर्ज पर जिलों में डिटेंशन सेंटर बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद कई कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उनको वापस भेजने की प्रक्रिया पूरी होने तक डिटेंशन सेंटर में रखने के लिए जगह तलाशी जा रही हैं। शासन के निर्देश पर जिलों में खाली सरकारी इमारतों, सामुदायिक केंद्र, पुलिस लाइन, थाने आदि चिन्हित किए जा रहे हैं, जहां घुसपैठियों को कड़ी सुरक्षा में रखा जा सके। दिल्ली में करीब 18 डिटेंशन सेंटर चल रहे हैं, जिनमें तकरीबन 1500 विदेशी नागरिकों को कड़ी सुरक्षा बंदोबस्त में रखा गया है। इनमें अवैध रूप से सीमा पार करके आए बांग्लादेशी, रोहिंग्या और अफ्रीकी मूल के देशों के नागरिक हैं।

बांग्लादेशी और रोहिंग्या नागरिकों द्वारा भारतीय नागरिकता के दस्तावेज बनवा लेने की वजह से उनका सत्यापन कराया जा रहा है।

## परिवार और समाज का संबल न मिलने से उपेक्षित हो जाते हैं दिव्यांग-योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी ऋषि परंपरा में किसी की दिव्यांगता को कमजोरी नहीं माना गया है। आज दिव्यांगजनों के लिए केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से जो कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वो दिव्यांगजनों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। अक्सर होता है कि दिव्यांगता का शिकार होने पर एक बच्चा परिवार में उपेक्षित कर दिया जाता है। ऐसा बच्चा परिवार और समाज का संबल न मिलने के कारण जिंदगी भर उपेक्षित और कुंठित नजर आता है।

## भंडारा खाकर लौट रहे तीन दोस्तों की मौत



**उरई।** उरई में भंडारा खाकर वापस लौटते समय तीन दोस्तों की बाइक बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पहुंची पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। एक साथ तीन मौत से गांव में मातम पसर गया। मृतक हेलमेट नहीं लगाए थे।

जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गधेला गांव में हर वर्ष की तरह 11 कुंडी यज्ञ भागवत व आयोजन हुआ था। मंगलवार को आसपास के गांव का निमंत्रण था, जिसमें हथना बुजुर्ग निवासी तीन दोस्त अंशुमान परिहार (17), अंकित साकवार (14), कृष्ण कुमार (14) बाइक में सवार होकर मंगलवार की रात नौ बजे के लगभग ग्राम गधेला में भंडारा खाने गए थे।

# कफ सिरप के सरगना शुभम जायसवाल के मकान पर ईडी ने चस्पा की नोटिस

● भगोड़ा और रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की तैयारी में कमिश्नरेट पुलिस

**वाराणसी।** अरबों रुपये के कफ सिरप अवैध कारोबार के आरोपी शुभम जायसवाल और उसके पिता भोला जायसवाल की सम्पति की जांच प्रवर्तन निदेशालय लखनऊ की टीम ने शुरू कर दी है। मनी लांड्रिंग मामले में प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद ईडी की दो टीम ने एक साथ शुभम जायसवाल के मकान पर धमकी।

आदमपुर थाना क्षेत्र के प्रहलाद घाट स्थित कायस्थ टोला मकान में बाहर से ताला बंद होने के कारण टीम ने नोटिस चस्पा की कार्रवाई की। वहीं दूसरी टीम ने सिगरा थाना क्षेत्र के बादशाह बाग स्थित मकान पर धमकी है। प्रवर्तन निदेशालय लखनऊ जोनल टीम आरोपी शुभम जायसवाल और उसके माता, पिता समेत रिश्तेदारों की संपत्ति का भी ब्योरा खंगाल रही है। नोटिस चस्पा की कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय के सहायक निदेशक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में हुई है।



अरबों की कोडिन युक्त कफ सिरप तस्करी के आरोपी शुभम जायसवाल को भगोड़ा और रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की तैयारी में कमिश्नरेट पुलिस है। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि भगौड़ा घोषित कराने के लिए कमिश्नरेट पुलिस की ओर से कोर्ट में आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। शैली ट्रेडर्स के कर्ता धर्ता और 100 करोड़ के अवैध कारोबार के आरोपी शुभम की लोकेशन दुबई में मिली है। दुबई से शुभम के प्रत्यर्पण को लेकर प्रक्रिया जल्द शुरू होगी।

फर्जीवाड़ा, धोखाधड़ी और एनडीपीएस एक्ट में वांछित शुभम की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की अलग-अलग पांच टीमें काम कर रही हैं। कमिश्नरेट की एसआईटी के अलावा अन्य एजेंसियां भी लगी हुई हैं।

# 'संचार साथी' ऐप से जासूसी बिल्कुल संभव नहीं

● विपक्ष के आरोपों पर सिंधिया ने संसद में दी सफाई

**लखनऊ।** संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लोकसभा में साफ कहा है कि 'संचार साथी' एप के जरिए जासूसी बिल्कुल भी



संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि यह एप लोगों की सुरक्षा और मदद के लिए बनाया गया है। लोगों की गतिविधियों पर नजर रखने की हमारी कोई मंशा नहीं है। हाल ही में मंत्रालय ने सभी स्मार्टफोन कंपनियों को आदेश दिया है कि वे अपने नए मोबाइल फोन्स में यह एप पहले से इंस्टॉल करके बेचें। साथ ही, मौजूदा फोन में भी इसे सॉफ्टवेयर अपडेट के जरिए जोड़ा जाएगा। प्रश्नकाल के दौरान सिंधिया ने कहा, यह एप सिर्फ यूजर्स की सुरक्षा के लिए है। इससे स्नूपिंग यानी जासूसी न तो संभव है और न ही भविष्य में होगी। सरकार चाहती है कि लोग खुद को सुरक्षित रखने के लिए तकनीकी साधनों से लैस हों। मंत्रालय के 28 नवंबर के आदेश में कंपनियों को यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि, संचार साथी एप फोन सेटअप के समय ही दिखे।


एप की किसी भी सुविधा को बंद या सीमित न किया जा सके। हालांकि, सिंधिया ने मंगलवार को यह भी कहा था कि अगर कोई यूजर इस एप को इस्तेमाल नहीं करना चाहता है तो वह इसे अपने फोन से हटाने के लिए स्वतंत्र है।

## यूपी में सर्द हवाओं ने बढ़ायी ठिठुरन

**लखनऊ।** यूपी में सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। पिछले 24 घंटे में 12 जिलों में पारा 10 डिग्री से नीचे लुढ़क गया। बरेली और कानपुर नगर सबसे ठंडे रहे। यहां न्यूनतम तापमान 6.7°C दर्ज किया गया। प्रयागराज समेत 20 से ज्यादा शहरों में सुबह-सुबह कोहरा छाया रहा। विजिबिलिटी 400 मीटर तक दर्ज की गई।

लखनऊ में भी न्यूनतम तापमान 9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। कोहरे और तकनीकी समस्या की वजह से 8 उड़ानें रद्द कर दी गईं। दो दर्जन से अधिक फ्लाइटें लेट हुईं। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों ही फ्लाइट्स पर असर पड़ा।

# छत्तीसगढ़: नक्सलियों के साथ जवानों की मुठभेड़



● दंतेवाड़ा-बीजापुर की सीमा पर बड़ी कार्रवाई

**रायपुर।** दंतेवाड़ा और बीजापुर सीमा से लगे भैरमगढ़ क्षेत्र के केशकुतुल के जंगलों में सुबह से नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक एनकाउंटर में कई माओवादियों के मारे जाने की खबर है। लेकिन मुठभेड़ को लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि आज सुबह दंतेवाड़ा से टीम निकली थी जहां बीजापुर की सीमा भैरमगढ़ के केशकुतुल में जवानों और नक्सलियों के बीच में मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। अब तक इस मामले में किसी भी नुकसान के बारे में जानकारी नही दी गई है।

बस्तर में नक्सलवाद के खिलाफ की जा रही ताबड़तोड़ कार्रवाई के बीच बटालियन के बारसे देवा, पापाराव, केसा समेत तमाम नक्सलियों के आत्मसमर्पण के लिए बनाए गए अनुकूल माहौल के बाद एक बार फिर से सुकमा बीजापुर दंतेवाड़ा जैसे जिलों में जॉइंट ऑपरेशन को तेज कर दिया गया है। बीते दिनों देवा समेत पापाराव, केसा, चैतू के आत्मसमर्पण की चर्चा तेज थी जिसके बाद चैतू अपने 10 साथियों के साथ जगदलपुर में आत्मसमर्पण कर दिया था। इसके बाद भी सुरक्षा एजेंसियों ने देवा समेत तमाम नक्सलियों के आत्मसमर्पण के लिए जंगलों में अनुकूल माहौल बनाए रखा। इसके तहत जंगलों में ऑपरेशन और किसी भी तरह की गतिविधियां नहीं की गई। लेकिन 15 दिनों के अनुकूल माहौल के बावजूद जब आत्मसमर्पण को लेकर बटालियन की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं नजर आई और बटालियन से आत्मसमर्पण के संपर्क खत्म होने के बाद एक बार फिर से एजेंसियों के निर्देश पर ऑपरेशन को तेज किया गया है।

# पुलिस के साथ मुठभेड़ में अंतर्जनपदीय पशु तस्कर घायल

**गाजीपुर।** गाजीपुर जिले में स्वाट टीम एवं थाना सुहवल पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार की देर रात एक पशु तस्कर को मुठभेड़ के बाद घायलावस्था में गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से पुलिस ने तमंचा, एक कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

क्षेत्राधिकारी जमानियां अनिल कुमार ने बताया कि स्वाट प्रभारी रोहित कुमार मिश्रा टीम सहित रात्रि गश्त पर थे, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक पिकअप वाहन में गोवंश लदा है और उसके साथ मोटरसाइकिल सवार पशु तस्कर रजागंज की तरफ से गहमर की ओर जाने वाले हैं। सूचना पर सतर्क हुई पुलिस टीम ने चौकसी बढ़ा दी।

सीओ ने बताया कि कुछ देर बाद संदिग्ध वाहन और बाइक दिखाई दी। रोकने का प्रयास किया गया, तो मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों ने पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश की। घटना की सूचना कंट्रोल रूम को देकर टीम ने पीछा किया।

## नो एंट्री में घुसे ट्रक ने बुजुर्ग दंपती को कुचला

**बरेली।** बुधवार को नो एंट्री में घुसे एक ट्रक ने स्कूटी सवार बुजुर्ग दंपती को टक्कर मारने के बाद कुचल दिया। हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि उनके पति गंभीर रूप से घायल हुए हैं। नो एंट्री के बावजूद ट्रक के आवागमन को लेकर स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताई और हंगामा करते हुए पुलिस की पर सवाल उठाए। पुलिस ने लोगों को शांत कराकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। आशापुरम कॉलोनी निवासी रिटायर्ड बैंककर्मी मुकेश अग्रवाल (65) अपनी पत्नी सुनीता अग्रवाल को स्कूटी पर बैठाकर दवा दिलाने ले जा रहे थे।

# जब भू माफिया ने बेच दी माफिया अतीक के भाई की जमीन

● प्रशासन ने की थी कुर्क, एफआईआर दर्ज

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के भाई पूर्व विधायक खालिद अजीम उर्फ अशरफ की जमीन को बेचने के मामले में भू माफिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। यह प्राथमिकी उप जिलाधिकारी के आदेश पर राजस्व निरीक्षक ने एयरपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। इस जमीन को प्रशासन ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किया था। भू माफिया मोहम्मद मुस्लिम पर आरोप है कि उसने इस जमीन को प्लाटिंग करके बेच दिया। इसका पता चलने पर प्रशासन के होश उड़ गए। आनन फानन एफआईआर दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है। माफिया अतीक अहमद के भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ की जमीन एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में है। प्रशासन ने गैंगस्टर एक्ट के तहत इस जमीन को कुर्क करके नोटिस बोर्ड लगा दिया था। कई भू माफिया की नजर इस बेशकीमती जमीन पर थी। आरोप है कि मोहम्मद मुस्लिम नाम के एक भू माफिया ने प्रशासन के नोटिस बोर्ड को उखाड़ कर फेंक दिया। इसके बाद प्लाटिंग करके इस जमीन को बेच दिया। इस भूमि पर जब निर्माण कार्य शुरू हुआ तो प्रशासन के होश उड़ गए।

# दिल्ली नगर निगम के उपचुनाव में भाजपा को झटका



● आप जस की तस, कांग्रेस का भी खुला खाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के उपचुनाव में सभी 12 सीटों के नतीजे आ गए हैं। भाजपा ने कुल सात सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, आम आदमी पार्टी तीन सीटों पर जीती है। एक सीट पर आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक शोएब इकबाल वाली पार्टी ने कब्जा जमाया है। वहीं, कांग्रेस ने भी एक सीट पर भाजपा को हराया है।


आम आदमी पार्टी अपनी लाज बचाने में कामयाब रही, वह पहले की तरह तीन सीट जीत पाई। हालांकि उसकी सीटों में परिवर्तन हुआ है, जबकि कांग्रेस ने खाता खोलकर सबको चौंका दिया। मटिया महल के कद्दावर नेता शोएब इकबाल ने आम आदमी पार्टी से बगावत करके अपने उम्मीदवार को जिताने में कामयाबी हासिल की।

एमसीडी उपचुनाव के परिणाम में भारतीय जनता पार्टी को झटका लगा है। भाजपा 12 में से केवल सात सीट ही जीत पाई, जबकि पहले पार्टी के पास पहले नौ सीट थीं। आम आदमी पार्टी को न नुकसान हुआ है न ही फायदा हुआ है।

आप के पास पहले तीन सीटें थीं, उपचुनाव में भी तीन सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, कांग्रेस ने उपचुनाव में खाता खोलकर सबको चौंका दिया है। आम आदमी पार्टी ने नारायण सीट भाजपा से छीनी है, यहां से वर्तमान विधायक उमंग बजाज 2022 में पार्षद बने थे। आप की राजन अरोड़ा ने भाजपा के उम्मीदवार चंद्रकांता को हराया है। इन दोनों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। राजन मात्र 148 वोट से जीतीं। मुंडका सीट से आम आदमी पार्टी के अनिल ने जीत दर्ज की है, उन्होंने भाजपा के जयपाल को हराया है। दोनों के बीच 1577 वोट का अंतर रहा। मुंडका से 2022 में निर्दलीय गजेंद्र दलाल चुनाव जीते थे मगर वह भाजपा में शामिल हो गए थे और अब मुंडका से वह भाजपा के विधायक हैं। इस तरह यह सीट आम आदमी पार्टी ने भाजपा से छीनी है। दक्षिणपुरी सीट से आम आदमी पार्टी की जीत हुई है। रामस्वरूप कनौजिया ने भाजपा की रोहिणी को हराया है। दोनों के बीच 2262 वोट का अंतर है। दक्षिणपुरी सीट पहले भी आम आदमी पार्टी के पास थी।

संगम विहार सीट जीतकर कांग्रेस का खाता खुला। कांग्रेस उम्मीदवार सुरेश चौधरी ने भाजपा उम्मीदवार शुभ रंजीत गौतम को हराया है। इन दोनों के बीच का वोटों का अंतर 3628 रहा। यह सीट भाजपा के पास थी, यहां से संगम विहार से भाजपा विधायक चंदन चौधरी 2022 में पार्षद चुने गए थे।

शालीमार बाग सीट से भाजपा जीती है। इस सीट पर अनीता जैन चुनाव लड़ रही थीं, उन्होंने आप की बबीता राणा को हराया है। 10, 101 वोटों का अंतर है। 2022 द्रमें शालीमार बाग सीट से रेखा गुप्ता चुनाव जीती थीं।



जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 28.3°C
● तापमान न्यूनतम : 13.0°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 03 दिसम्बर, बुधवार, 2025 (3)


छाया : जनमुख डेस्क





# हनुमान घाट पर डेलिगेट्स ने किया गंगा स्नान, जाना मंदिरों का इतिहास

**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** काशी तमिल संगमम-4.0 के दूसरे दिन तमिलनाडु से आया छात्रों का समूह हनुमान घाट पहुंचा। जहां सभी ने गंगा में स्नान कर मां का पूजा पाठ करते हुए सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। वहीं मौजूद आचार्यों ने विस्तार से गंगा के विभिन्न घाटों के इतिहास को बताया।



गंगा स्नान के बाद सभी मेहमानों ने घाट पर स्थित प्राचीन मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। सभी मेहमानों को मंदिरों के इतिहास दिव्यता, भव्यता और इतिहास के बारे में जानकारी दी गई।

इसके उपरांत तमिल मेहमान हनुमान घाट स्थित सुब्रह्मण्य भारती के घर गए। वहां उनके परिवार के सदस्यों से उन्होंने मुलाकात की। छात्रों का दल में काफी कुछ जानने की जिज्ञासा दिखी उन्होंने सुब्रह्मण्य भारती के घर के समीप पुस्तकालय का भी भ्रमण किया और काफी कुछ वहां के बारे में जानकारी भी प्राप्त की। सुब्रमण्यम भारतीय के घर कर भ्रमण करने के उपरांत छात्र दल कांची मठ पहुंचा और वहां के इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की काशी में दक्षिण भारतीय मंदिर को देखकर युवाओं का दल उत्साहित दिखे। पं वेंकट रमण घनपाठी का कहना है कि काशी और तमिलनाडु से गहरा रिश्ता है और ये समागम महज एक पखवाड़े का नही सदियों पुराना है। काशी के हनुमान घाट, केदारघाट, हरिश्चंद्र घाट पर मिनी तमिलनाडु बसता है। जहां एक दो नहीं बल्कि दक्षिण भारत के अलग-अलग राज्यों के हजारों परिवार बसते हैं, जो इन दोनों राज्यों के मधुर रिश्ते को दर्शाते हैं। केवल हनुमान घाट पर 150 से अधिक घर तमिल परिवारों के हैं, जिनकी गलियों में हर दिन काशी तमिल संगमम होता है।

● काशी तमिल संगमम-4.0 का दूसरा दिन

## सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर क्षेत्रीय स्वास्थ्य निरीक्षक को स्पष्टीकरण

**वाराणसी, जनमुख न्यूज।** नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने शिवपुर क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिवपुर स्थित तालाब की सफाई व्यवस्था अपेक्षित स्तर पर न पाए जाने पर उन्होंने कड़ा रूख अपनापते हुये क्षेत्रीय स्वास्थ्य निरीक्षक राकेश भागर्व को कार्य में सुधार लाने की चेतवानी दी गयी तथा स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

नगर आयुक्त द्वारा विभिन्न गलियों का निरीक्षण किया गया तथा वहां चल रहे इण्टर लकिंग के कार्यो का अवलोकन किया गया, नगर आयुक्त द्वारा अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि कार्य मानक के अनुयप् उच्च गुणवत्ता के साथ कराया जाय, उनके द्वारा पुनः कार्य के उपरान्त निरीक्षण किया जायेगा।

नगर आयुक्त द्वारा क्षेत्रों में किये जा रहे डोर टू डोर कूड़ा उठान की जानकारी क्षेत्रीय नागरिकों से प्राप्त की तथा सम्बन्धित संस्था को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से कूड़े का उठान किया जाय।




# ठंड से बचने के लिये नगर निगम ने रैन बसेरों की तैयारी शुरू की

**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** सर्दियों को बढ़ने के साथ ही नगर निगम, वाराणसी द्वारा अपने रैन बसेरों को दुरूस्त करने की तैयारी प्रारम्भ कर दी गयी है। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल के द्वारा सभी रैन बसेरा को सभी सुख सुविधाओं से युक्त आधुनिक रैन बसेरा बनाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 13 स्थायी तथा 13 अस्थायी रैन बसेरा, इस प्रकार कुल 26 रैन बसेरा इस बार बेघर और जरूरतमंद लोगों को ठहरने के लिये तैयार किया जा रहा है। स्थायी शेल्टर होम क्रमशः वाराणसी सिटी स्टेशन के सामने, गोलगड्डा तिराहा स्थित चुंगी भवन, काशी स्टेशन से पहले सफाई चौकी, बेनियापार्क के सामने, हरिश्चन्द्र कालेज के पास, टाउन हाल व्यायामशाला स्थित भवन, जवाहर नगर इंगिलशिया लाईन कैण्ट रेलवे स्टेशन के सामने, पेट्रोल पम्प के सामने संकटमोचन मंदिर रोड, कैण्ट पुराना माल गोदाम चुंगी, पी0जी0 अग्रशेन मार्ग शिवपुर, सेट्रल जेल रोड



गुरूद्वारा के पास कैण्ट, बहादुरपुर रोड बड़ाव सब्जीमण्डी के पास, रामनगर थाना के पास तथा अस्थायी शेल्टर होम क्रमशः नेहरू मार्केट टाउनहाल, चितरंजन पार्क (पुरूष), चितरंजन पार्क (महिला), राजेन्द्र प्रसाद घाट, दशाश्वमेध प्लाजा के सामने, पुलिस लाईन ओवर ब्रिज के नीचे, भैसासुर घाट राजघाट के निकट, अंधरा पुल चौकाघाट के बीच फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे (पुरूष), अंधरापुल चौकाघाट के बीच फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे (महिला), कैण्ट रोडवेज परिसर लाईन नेहरू मार्केट (पुरूष), कैण्ट रोडवेज परिसर लाईन नेहरू मार्केट (महिला), इंगलिशिया लाईन नेहरु मार्केट (पुरूष), इंगलिशिया लाईन नेहरु मार्केट (महिला) के लिये बनाया गया है। नगर निगम द्वारा इस बार के रैन बसेरे (शेल्टर होम) केवल सिर छुपाने की जगह नहीं होंगे, बल्कि उन्हें हाईटेक सुविधाओं से लैस किया जा रहा, जिससे लोगों को घर जैसा सुरक्षित और आरामदायक माहौल मिल सके। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने प्रवेश के लिए आधार कार्ड अनिवार्य किया है। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल के निर्देश पर सभी शेल्टर होम में सैनिटरी वेंडिंग मशीन, अलग शौचालय, शिशुओं के लिए दूध पिलाने का कमरा, छोटे बच्चों के लिए खिलौने, छोटे बच्चों के लिए पालने, वाई-फ़ाई इन्टरनेट सुविधा, आधार कार्ड आधारित प्रवेश द्वार पर, ठंड से बचाव हेतु हीटर व अलाव ही व्यवस्था की जा रही है।

## सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव 13 दिसम्बर से

वाराणसी। सनातन संस्था, जो विश्वकल्याणकारी सनातन राष्ट्र की स्थापना और राष्ट्र-संस्कृति की रक्षा के लिए समर्पित है, आगामी 13 से 15 दिसम्बर 2025 को नई दिल्ली स्थित 'भारत मंडपम' (हॉल क्रमांक 12) में 'सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव' का आयोजन कर रही है। तीन दिवसीय आयोजन सनातन राष्ट्र की स्थापना के संकल्प को जन-जन तक पहुॅचाने तथा समाज में धर्म, संस्कृति और राष्ट्रोत्थान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक ऐतिहासिक प्रयास है। इस अवसर पर देशभर के संत- महात्मा, धर्माचार्य, विद्वान, समाजसेवी और युवा वर्ग सहभागी होंगे।

## सीएम योगी ने वेदमूर्ति देवव्रत महेश रेखे को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मान

**वाराणसी, जनमुख न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को नमो घाट पर आयोजित काशी तमिल संगमम कार्यक्रम के शुभारंभ के मौके पर 19 वर्षीय वेदमूर्ति देवव्रत महेश रेखे को स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी वेदमूर्ति देवव्रत महेश रेखे की इस उपलब्धि पर अपने एक्स पर लिखा है कि काशी के सांसद होने के नाते, मुझे इस बात की खुशी है कि यह असाधारण उपलब्धि इस पवित्र नगरी में संभव हुई। उनके परिवार, विभिन्न संतों, ऋषियों, विद्वानों और पूरे भारत के उन संगठनों को मेरा प्रणाम जिन्होंने उनका समर्थन किया। बताते चलें कि वेदमूर्ति देवव्रत महेश रेखे ने शुक्ल यजुर्वेद की माध्यंदिनी शाखा के 2000 मंत्रों से युक्त दंडक्रम पारायण को बिना किसी रुकावट के 50 दिनों में पूरा किया हैं। इसमें कई वैदिक श्लोक और पवित्र शब्दों का त्रुटिहीन उच्चारण शामिल है। उल्लेखनीय हैं कि दुनिया में केवल दो दंडक्रम का पारायण हुआ। एक तो नासिक में वेदमूर्ति नारायण शास्त्री देव ने 200 साल पहले दंडक्रम पारायण किया था और आज के समय में काशी में दंडक्रम पारायण वेदमूर्ति देवव्रत महेश रेखे द्वारा किया गया। उन्होंने 2 अक्टूबर से 30 नवंबर तक काशी में दंडक्रम पारायण किया। यह दंडक्रम पारायण वल्लभराम शालिग्राम सांगवेद विद्यालय, रामघाट, काशी में हुआ और पूर्णाहुति गत शनिवार को हुई। एक सोने का कंगन और 101116 रुपये की धन राशि सम्मान स्वरूप वेदमूर्ति देवव्रत महेश रेखे को दिया गया। यह सम्मान शृंगेरी शंकराचार्य के आशीर्वाद स्वरूप रेखे को दिया गया है। शुक्ल यजुर्वेद की माध्यंदिनि शाखा के करीब 2000 मंत्रों को दंडक्रम पारायण कहते है जो एक परीक्षा है। वेद पाठ करने के 8 प्रकार मे से एक है दंडक्रम पारायण है जो सबसे कठिन माना गया है। इन मंत्रों को कंठस्थ किया जाता है और फिर इसे सुनाया जाता है। दंडक्रम को उसके जटिल स्वर-स्वरूप और कठिन ध्वन्यात्मक क्रमपरिवर्तन के कारण उसे वैदिक पाठ का मुकुट माना गया है। इसमें पदों को पाठ विशिष्ट शैली में एक साथ उल्टा और सीधा करने का विधान है किया जाता है।

## हार्ट अटैक से छात्र की मौतः रात भर छात्रों ने किया प्रदर्शन

**मीरजापुर।** बीएचयू के बरकछा स्थित राजीव गांधी दक्षिणी परिसर में बीएससी के छात्र की हार्ट अटैक से मौत को लेकर छात्रों का विरोध प्रदर्शन रात भर जारी रहा। छात्र रात भर सड़क पर बैठकर धरना देते रहे। प्रशासन ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया लेकिन कोई हल नहीं निकला। बुधवार की सुबह एक घंटे के लिए छात्र हटे, लेकिन फिर से जाम लगा दिया। छात्रों के प्रदर्शन के चलते बड़े वाहनों को दोनों तरफ पहले ही रोक दिया गया था। इसके चलते 8 से 10 किलोमीटर लंबा जाम सोनभद्र रूट पर लगा रहा।

# बीएचयू में आधी रात को बवाल, जमकर चले ईंट-पत्थरः दर्जनों घायल

**वाराणसी, जनमुख न्यूज।** बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में मंगलवार देर रात गंभीर तनाव की स्थिति पैदा हो गई। राजाराम हॉस्टल के पास एक गाड़ी की टक्कर से बिड़ला हॉस्टल का छात्र घायल हो गया। आरोप है कि मुंह बांधे वाहन सवार छात्रों ने घायल छात्र के साथ मौजूद साथियों को भी घेरकर पीटा।

घटना से नाराज छात्र शिकायत लेकर चीफ प्रॉक्टर ऑफिस पहुंचे जहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों से उनकी बहस हो गई। धीरे-धीरे बड़ी संख्या में छात्र इकट्ठा हो गए और वीसी आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। इस दौरान छात्रों और प्रॉक्टोरियल बोर्ड के बीच तीखी झड़प हुई।

स्थिति बिगड़ने पर छात्रों ने पथराव शुरू कर दिया। सामने आए वीडियो में छात्र पत्थर फेंकते और सुरक्षाकर्मी उन्हें खदेड़ते दिखाई दे रहे हैं। छात्रों के अनुसार उनके करीब 10 साथी घायल हुए हैं, जबकि कई सुरक्षाकर्मियों को भी चोटें आई हैं। करीब दो घंटे तक तनाव जारी रहा। प्रॉक्टोरियल बोर्ड के 100 सुरक्षा कर्मी, 50 पुलिसकर्मी और PAC के जवान छात्रों को खदेड़ते रहे, लेकिन पत्थरबाजी रुक-रुक कर चलती रही। बिड़ला



हॉस्टल से रुइया हॉस्टल तक लगभग 500 मीटर रास्ते पर जगह-जगह पत्थर बिखरे मिले। उग्र छात्रों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी, एलडी गेस्ट हाउस चौराहे के 20 से ज्यादा गमले तोड़ डाले और ञ्ज आवास के पास लगे 'तमिल संगमम' के बैनर को भी फाड़ दिया।

रात में भारी पुलिस बल तैनात कर स्थिति को नियंत्रण में लिया गया। चीफ प्रॉक्टर प्रो. शिव प्रकाश सिंह ने बताया कि ष्णऊ फुटेज जांच में है और सबूत जुटाए जा रहे हैं। अभी किसी की ओर से आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं हुई है। वहीं, एसीपी गौरव सिंह ने कहा कि कुछ छात्रों के बीच हुई बहस ने रूप लेकर पत्थरबाजी में बदल गई थी। फिलहाल स्थिति शांत है।

## वाराणसी में मासूम के रेपिस्ट को उम्रकैद, 35 हजार रुपए जुर्माना

**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** वाराणसी जिला सत्र न्यायालय की विशेष कोर्ट ने ढाई साल पुराने दुष्कर्म के मामले में सजा सुनाई। आठ वर्षीय बच्ची को बहला फुसलाकर कर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने आरोपी को दंडित किया है। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट (प्रथम) विकास श्रीवास्तव की अदालत ने जंसा थाना क्षेत्र निवासी अभियुक्त श्याम सुंदर उर्फ सुक्खू को दोषी पाने पर उम्रकैद की सजा सुनाई है। उसके कृत्य को अमानवीय और असमाजिक बताते हुए 35 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया। अदालत ने जुर्माने की समस्त धनराशि पीड़िता को बतौर क्षतिपूर्ति देने का आदेश भी दिया। अदालत में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक आदित्य नारायण सिंह ने दलील पेश करते हुए कठोर सजा की मांग की। वहीं आरोपी की ओर से अधिवक्ता शाईनी शेख ने अपना पक्ष रखा। अभियोजन ने कोर्ट को मासूम बच्ची से दरिंदगी का पूरा घटनाक्रम बताया और अब तक केस की स्थिति भी पुनः बताई। इसमें बताया कि पीडि़ता की मां ने 23 जून 2023 जंसा थाने में तहरीर दी थी। आरोप था कि उसकी आठ वर्षीय लड़की घर पर खेल रही थी।

## भोजपुरी दिवस के रुप में मनी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की 141वीं जयंती

**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** विश्व भोजपुरी संघ द्वारा जैन मंदिर मैदागिन स्थित कार्यालय में देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न भारत रत्न डॉ.राजेन्द्र प्रसाद की 141वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाते उन्हें नमन करते हुए सरकार से लोकभाषा भोजपुरी को संवैधानिक दर्जा दिए जाने की मांग दोहराई गई। अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए विश्व भोजपुरी संघ के महासचिव डॉ.अपूर्व नारायण



तिवारी 'बनारसी बाबू' ने कहा कि देश के आजादी आंदोलन के अजातशत्रु रहे भोजपुरिया सपुत डॉ.राजेन्द्र प्रसाद प्रखर अधिवक्ता, आज़ादी की लड़ाई के जननायक और खांटी भोजपुरी अस्मिता के जाज्वल्यमान प्रतीक थे। संविधान सभा के अध्यक्ष रुप में विश्व का सबसे विशद संविधान का निर्माण वस्तुतः उन्हीं की ही देन था।

### विचार, परम्परा, अध्यात्म और एकता के संगम का पर्याय बन चुके काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण का हुआ भव्य आगाज

# काशी और तमिल संबंधों के केंद्र में भगवान शिव- सीएम योगी

● काशी तमिल संगमम् के आयोजन का उद्देश्य दो संस्कृतियों को जोड़ना है- धर्मेन्द्र प्रधान

● भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने अपने वीडियो संदेश में इस आयोजन की सराहना की

● 1,400 से अधिक तमिल प्रतिनिधियों को सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों से जुड़ने का मिलेगा अवसर

**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** विचार, परम्परा, अध्यात्म और एकता के संगम का पर्याय बन चुके 'काशी तमिल संगमम' के चौथे संस्करण का मंगलवार को दुनिया के सबसे बड़े घाट नमो घाट पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी तमिल संगमम 4.0 का बटन दबाकर भव्य शुभारंभ किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्तिक मास में आयोजित हो रहे काशी तमिल संगमम के अवसर पर तीनों लोकों से न्यारी, मोक्ष दायिनी काशी मे लोगो का स्वागत करते हुए कहा कि इस पूरे कार्यक्रम के केंद्र में देवाधिदेव महादेव हैं। यह आयोजन उत्तर-दक्षिण के शैक्षिक, सांस्कृतिक, आर्थिक संबंधों को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि काशी तमिल संगमम् का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने वाला है। उन्होंने कहा कि काशी और तमिल परंपरा के प्राचीन संबंधों के केंद्र में भगवान शिव हैं। इस संबंध-सेतु को आदि शंकराचार्य ने भारत के चारों कोनों में पवित्र पीठ स्थापित कर आगे बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का यह प्रवास काशी की शिवभक्ति, प्रयागराज का संगम और अयोध्या में धर्मध्वजा आरोहण के उपरांत प्रभु श्रीराम के दिव्य दर्शन का



अद्वितीय आध्यात्मिक सौभाग्य प्रदान करेगा। यह आयोजन उत्तर भारत की सांस्कृतिक, आर्थिक, सामाजिक भागीदारी के नए द्वार खोल रहा है। उन्होंने तमिलनाडु से आए प्रतिनिधियों से कहा कि तमिलनाडु से चलकर काशी, प्रयागराज और अयोध्या की यह यात्रा सुखद अनुभूति कराने वाला है। उन्होंने कहा कि इस बार की थीम 'आओ तमिल सीखे' यानी तमिल करकलाम है, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को और सुदृण करेगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने संबोधन की शुरुआत वणक्कम काशी, वणक्कम तमिलनाडु, वणक्कम काशी तमिल संगमम् से की। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि काशी तमिल संगमम् के आयोजन का उद्देश्य दो संस्कृतियों को जोड़ना है। पहले चरण के आयोजन से लेकर चौथे चरण के आयोजन को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि काशी तमिल संगमम् के पहले संस्करण का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। उन्होंने कहा कि काशी तमिल संगमम् एक जनांदोलन बन चुका है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने काशी तमिल संगमम् 4.0 के शुभारंभ अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार कर रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा शुरु किए गए इस अभियान की सराहना की। तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन में तमिलनाडु बसता है। यही कारण है कि उन्होंने तमिल भाषा को विश्व पटल पर लाने के लिए कई प्रयास किए। इससे पूर्व भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन का वीडियो संदेश प्रसारित किया गया। जिसमें उन्होंने काशी तमिल संगमम कार्यक्रम सराहना की। एक महीने तक चलने वाले इस सांस्कृतिक, शैक्षणिक और आध्यात्मिक संगम में तमिलनाडु से 1,400 से अधिक प्रतिनिधि अलग-अलग जत्थों में काशी पहुँचेंगे। उद्घाटन समारोह के लिए पहुंचे पहले जत्थे का वाराणसी, प्रयागराज और अयोध्या में अनुभवात्मक दौरा शुरू हो गया है। यह उन्हें इस क्षेत्र की विरासत और ज्ञान परंपराओं के साथ एक गहन और समृद्ध जुड़ाव प्रदान करेगा। तमिलनाडु से आने वाले प्रतिनिधियों के यात्रा कार्यक्रम में वाराणसी, प्रयागराज और अयोध्या के विश्वविद्यालयों, विरासत स्थलों, मंदिरों, शिल्प समूहों और ज्ञान संस्थानों के दौरे के साथ-साथ विद्वानों, छात्रों, कारीगरों और स्थानीय समुदायों के साथ बातचीत शामिल है। प्रत्येक पड़ाव को एक स्तरीय अनुभव प्रदान करने के लिए आंशिक रूप से सीखने का अभियान, आंशिक रूप से सांस्कृतिक घर वापसी आदि के लिए डिज़ाइन किया गया है।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## सोनभद्र समाचार

### करेंट लगने से किशोर की मौके पर ही मौत



**सोनभद्र।** जिले के बभनी थाना क्षेत्र के चौना गांव में बुधवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब खलिहान के पास टहलने निकला 16 वर्षीय किशोर एचटी तार की चपेट में आ गया। करेंट लगने से किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। वह खलिहान में रखे पुआल में लगी आग को बुझाने गया, इसी दौरान हादसा हो गया। कुछ देर बाद घरवालों ने उसे देखा तो परिवार में चीख- पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस व बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। चौना गांव निवासी रामप्रसाद (16) पुत्र धरम गोंड रोज की तरह सुबह उठकर घर के बाहर टहलने निकला था। घर के दरवाजे के पास ही उनका खलिहान है, जिसमें पुआल रखा हुआ था। सुबह-सुबह खलिहान में अचानक आग लग गई और उसके ठीक बगल में हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर जमीन पर गिरा था। किशोर आग बुझाने की कोशिश में आगे बढ़ा, लेकिन उसे तार गिरने के बारे में जानकारी नहीं थी। इस दौरान उसका पैर बिजली के टूटे हुए तार पर पड़ गया। जिसमें करेंट के झटके से वह मौके पर ही गिर पड़ा और तड़पकर उसकी मौत हो गई।

## देवरिया समाचार

### शक्ति संवर्धन के लिए आगे आएं महिलाएं : डीएम

**गौरी बाजार।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की गौरी बाजार इकाई द्वारा आयोजित 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के चौथे दिन यज्ञ, पूजन, हवन एवं विभिन्न संस्कार कराए गए। इसके पूर्व तीसरे दिन देर शाम आयोजित दीप यज्ञ ने पूरा माहौल भक्तिमय बना दिया। दीप महायज्ञ में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने पूजन किया। उन्होंने शक्ति संवर्धन के लिए महिलाओं को आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सद्बुद्धि रूपी गायत्री मंत्र जपना चाहिए। महिलाओं और बेटियों को आगे आकर स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने की आवश्यकता है। शांतिकुंज हरिद्वार से आई टोली के टोली नायक रामचंद्र गायकवाड ने कहा वायु, जल, आकाश सहित सभी पांचों तत्वों की रक्षा के लिए यज्ञ जरूरी है।

## सुल्तानपुर समाचार

### ट्रॉली से दबकर युवक की मौत



**लंभुआ।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने से मंगलवार सुबह करीब 10 बजे गुजर रहे ट्रैक्टर की ट्रॉली पर सवार गांधीनगर निवासी मजदूर नीरज (32) अचानक गिर पड़े। उनके ऊपर ट्रॉली का पहिया चढ़ गया। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौत हो गई।

परिजनों के अनुसार, नीरज कस्बे में एक सीमेंट-मोरंग की दुकान पर काम करते थे। मंगलवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली से सीमेंट-मोरंग लेकर कहीं जाने के लिए निकला। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक नीरज ट्रॉली पर बैठा था। ट्रैक्टर जैसे ही लंभुआ सीएचसी के सामने पहुंचा, नीरज ट्रॉली से नीचे पर गिर पड़े। ट्रॉली के पहिये से दबकर नीरज गंभीर रूप से जख्मी हो गए, सीएचसी पहुंचने पर चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लंभुआ कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संदीप राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

## चंदौली समाचार

### नौ केंद्रों पर 13 को होगी नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा, 5636 छात्रों ने किया आवेदन

**पीडीडीयू नगर।** सकलडीहा तहसील के बैराठ स्थित नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए इस बार 5636 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। चयन प्रक्रिया के आधार पर 80 सीटों पर प्रवेश लिया जाएगा। यानि एक सीट के लिए 70 से ज्यादा दावेदार विद्यार्थी हैं। 9 केंद्रों पर 13 दिसंबर को परीक्षा होगी। प्रशासन ने प्रवेश परीक्षा की तैयारियां शुरू कर दी है। नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्र ने बताया कि आवेदनों की जांच का कार्य पूरा कर लिया गया है। आवेदक बच्चों के प्रवेश पत्र विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। छात्र-छात्राएं सहूलियत के हिसाब से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। बताया कि बनाए गए सेंटरों में किसी भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश निषेध रहेगा।

## मीरजापुर समाचार

### मौसी के घर जा रहे बाइक सवार की युवक की ट्रैक्टर-ट्राली से कुचलकर मौत

**मीरजापुर।** देहात कोतवाली क्षेत्र के मुहकुंचवा के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार अंकित की मौत हो गई। हादसे में उसका साथी शिवकुमार घायल हो गया। पड़री थाना क्षेत्र के सिंधौरा गांव निवासी अंकित विश्वकर्मा (28) सूरत स्थित एक साड़ी की फैक्ट्री में काम करता था। 20 दिन पहले वह अपने घर आया था। सुबह गांव के ही साथी शिवकुमार के साथ बाइक से निकला था। वह शहर कोतवाली क्षेत्र के घंटाघर स्थित अपनी मौसी के घर जा रहा था। दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे जैसे ही बाइक लेकर देहात कोतवाली क्षेत्र के मुहकुंचवा के पास पहुंचा। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक में टक्कर मार दिया। इससे बाइक सहित अंकित और शिवकुमार दोनों सड़क पर गिर गए। ट्रैक्टर-ट्राली से कुचलकर अंकित की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि शिवकुमार घायल हो गया। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर मौके से भाग गया। घायल शिवकुमार ने घटना की सूचना घर पर दी। देहात कोतवाल अमित मिश्रा ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है। फरार ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है।

### सीने में दर्द के बाद दक्षिणी परिसर में बीएससी के छात्र की मौत

**मीरजापुर।** बीएचयू के बरकछा स्थित राजीव गांधी दक्षिणी परिसर में मंगलवार की सुबह सीने में दर्द होने के बाद परिसर के हेल्थ सेंटर से इलाज के बाद मंडलीय अस्पताल रेफर किया गया। बीएससी एजी तृतीय वर्ष के छात्र अनिल मीणा (23) की मंडलीय अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

## आजमगढ़ समाचार

### तेरहवीं से लौटते समय हादसे में वृद्ध की मौत

**रानी की सराय।** थाना क्षेत्र के ईश्वरपुर निवासी टनकू (60) सोमवार देर रात सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वह तेरहवीं कार्यक्रम से घर लौट रहे थे।

प्राप्त जानकारी मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। रात लगभग 10 बजे जैसे ही टनकू मुख्य मार्ग पर पहुंचे, तभी तेज रफ्तार किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। वे सड़क किनारे गिर पड़े और गंभीर चोटें आईं। लोगों ने परिजनों को सूचना दी।

परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और टनकू को गंभीर हालत में अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। टनकू खेती-किसानी करते थे। उनके दो पुत्र हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मऊ समाचार

### गौ-तस्करों से मुठभेड़, एक घायलःट्रेलर में भरकर ले जा रहे थे गौवंश



**मऊ।** जिले के दोहरीघाट थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात पुलिस और गौ-तस्करों के बीच मुठभेड़ हुई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक संदिग्ध ट्रेलर को रोकने का प्रयास किया, जिस पर तस्करों ने फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी के पैर में गोली लगी, जबकि उसके पांच साथी गिरफ्तार कर लिए गए।

यह घटना दोहरीघाट के तारनपुर हाईवे पर हुई, जहां सीओ जितेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। गोरखपुर की ओर से आ रहे एक बड़े ट्रेलर को संदिग्ध देखकर रोकने का इशारा किया गया। इसके बाद तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी मोर्चा संभालते हुए कार्रवाई की।

पुलिस ने ट्रेलर की तलाशी ली तो उसमें दर्जनों गायें और बछड़े ठूंसकर ले जाए जा रहे थे। सीओ जितेंद्र सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी एक शातिर और सक्रिय गिरोह के सदस्य हैं, जो अवैध रूप से गोवंश को बिहार ले जाकर गोकशी के लिए बेचते थे। पुलिस ने मौके से एक स्कॉर्पियो (नंबर BR 44 V 1809) और एक ट्रक (नंबर BR 01 GB 7456) को जब्त किया। ट्रक में कुल 12 गायें और 11 बछड़े पाए गए, जिनमें से एक गाय गर्भवती थी। सभी गोवंश को सुरक्षित निकाल लिया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राजकुमार (15 वर्ष, निवासी छपरा), मकरध्वज यादव (42 वर्ष, निवासी बक्सर), रजनीकांत पांडे (37 वर्ष, निवासी बक्सर), लखन यादव (26 वर्ष, निवासी बक्सर), रामनारायण यादव (निवासी बक्सर) और बबलू यादव (21 वर्ष, निवासी छपरा) के रूप में हुई है। बबलू यादव वही आरोपी है जिसके पैर में गोली लगी थी। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ कठोर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने सभी अभियुक्तों, गोवंश, ट्रक और स्कॉपिन्यो को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर ली है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता बढ़ा दी गई है।

## गाजीपुर समाचार

### टेंट की दुकान में सो रहे मजदूर की आग में झुलसकर मौत

**दुबिहा।** करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के सरायगंधु गांव स्थित कटरे में टेंट का सामान रखकर अंदर से शटर बंदकर दुकान में सो रहे मजदूर प्रिंस यादव (19) की रविवार की रात झुलसकर मौत हो गई। सुबह छह बजे दुकान से धुंआ निकलता देख जब ग्रामीणों ने शोर मचाने के साथ शटर खोला तो देखा कि सामान जलकर नष्ट हो चुके हैं, वहीं युवक झुलसकर मृत पड़ा था। पुलिस आग लगने के कारणों की तलाश में जुटी हुई है। करीमुद्दीनपुर थानाध्यक्ष रमेशचंद्र पटेल ने बताया कि सरायगंधु निवासी प्रिंस यादव चचेरे भाई विकास यादव के जयमाल सेट व सजावट के कार्य में मजदूरी करता था। वैवाहिक कार्यक्रम से रात तीन बजे टेंट संबंधित सामान लेकर पहुंचा और कटरे में स्थित दुकान का शटर खोलकर रखा और अंदर से ही शटर बंदकर दुकान में सोने लगा।

## भदोही समाचार

### ठेकेदार से विवाद के बाद मजदूर ने फंदे से लटककर दी जान



**भदोही।** साहब... घर में कोई बीमार है, पूरी मजदूरी दे दीजिए, घर जाना है। बरेली के फरीदापुर दूरिया निवासी उमाशंकर (20) ने अपनी मजदूरी न मिलने पर ठेकेदार के साथ हुए विवाद के बाद आत्महत्या कर ली। वह औराई कोतवाली के नटवां में जलजीवन मिशन की टंकी निर्माण में काम कर रहा था।

मजदूरी को लेकर ठेकेदार से हुए विवाद के बाद उसने फंदे से लटककर जान दे दी। कोतवाली क्षेत्र के नटवां गांव में जल जीवन शक्ति के तहत पानी टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है। बताया जा रहा है कि वहां काम करने के बाद मजदूर वहीं साइट पर ही रहते हैं। पानी की टंकी के निर्माण कार्य में लगे बरेली के फरीदापुर दूरिया निवासी उमाशंकर (20) अपनी मजदूरी के लिए रविवार की सुबह से ही ठेकेदार का इंतजार कर रहा था। देर शाम तक मजदूर इंतजार करता रहा, लेकिन ठेकेदार साइट पर नहीं पहुंचे। सोमवार की रात आठ बजे के बाद ठेकेदार साइट पर पहुंचे तो उमाशंकर ने अपनी पूरी मजदूरी मांगी। कहा कि मेरे घर पर कोई बीमार है और मैं घर जाऊंगा, मूंझे मेरी पूरी मजदूरी दे दिजिए।

## जौनपुर समाचार

### घरेलू विवाद से परेशान युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**जौनपुर।** क्षेत्र के वसीरपुर गांव में सोमवार की रात को एक युवक का फंदे से लटकता शव मिला। घटना का कारण घरेलू विवाद को बताया जा रहा है। पुलिस ने देर रात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वसीरपुर गांव निवासी अरुण निषाद का सोमवार की शाम घर से निकला था। रात तक घर न लौटने पर परिजन उसको आस-पास वाले ठिकानों पर खोजने लगे। जब परिजन रात 10 बजे अपने पड़ोस के एक व्यक्ति के बकरी बांधने वाले कमरे में पहुंचे तो वहां अरुण निषाद का शव गार्डर में दुपट्टा के सहारे लटकता देखा।

घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। सूचना पर थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## प्रयागराज समाचार

### झुलसने से पिता की मौत, मां-बेटी की हालत गंभीर



**प्रयागराज।** बुधवार सुबह चार बजे एक मकान में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में घर का बड़ा हिस्सा लपटों में घिर गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। रेस्क्यू शुरू किया। जिस समय हादसा हुआ, उस समय घर में 15 लोग थे। जिस हिस्से में आग लगी, उसमें रहने वाले परिवार में पिता, मां और बेटी बुरी तरह झुलस गए। तीनों को फौरन अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान पिता की मौत हो गई। वहीं मां-बेटी की हालत गंभीर बनी हुई है। नगर निगम के सफाईकर्मी रह चुके स्वर्गीय पन्नालाल का राजापुर में गंगानगर की गली नंबर 2 में एक दो मंजिला मकान है। इस मकान में पत्नी शकुंतला देवी और उनके चार बेटे आनंद, विजय, अजय व अनूप अपने-अपने परिवार के साथ रहते हैं। सभी भाइयों का परिवार अपने-अपने कमरे में सो रहा था। इसी बीच बुधवार की सुबह चार बजे के करीब भूतल में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। थोड़ी देर में ही पूरा मकान धू-धूकर जलने लगा। गली से गुजर रहे दो छात्रों की नजर पड़ी, तो उन्होंने शोर मचाया। तब आसपास के लोग अपने-अपने घरों से निकलकर बाहर आ गए। मकान के कमरों के अंदर तक धुआं फैल जाने से चार भाइयों का 15 सदस्यीय परिवार फंस गया था। लोगों ने भूतल में किचन की खिड़की तोड़ कर और पड़ोसी के बाजरे से किसी तरह सभी लोगों को बाहर निकला गया। दम घुटने से झुलसे घायल अजय (35), उनकी पत्नी वंदना और बेटी श्रेया और छोटे भाई अनूप के चार माह की बेटी अयान को अस्पताल ले जाया गया। लोगों ने सभी को किसी तरह बाहर निकाला और तुरंत स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान अजय आनंद की मौत हो गई। उनकी बेटी श्रेया और पत्नी वंदना की हालत गंभीर बनी है। घटना कैंट थाना क्षेत्र के राजापुर स्थित गंगानगर की गली नंबर-12 की है। जहां डॉक्टरों ने अजय को मृत घोषित कर दिया। इधर, आग लगने से मकान में गृहस्थी का सारा सामान, दो बाइक व दो स्कूटी समेत सबकुछ जलकर राख हो गया। छोटी गली होने की वजह से समय से फायर ब्रिगेड भी नहीं पहुंच सकी थी।

## बलिया समाचार

### मारपीट में घायल युवक की नौ दिन बाद मौत

**बलिया।** चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के नगपुरा में बीते 24 नवंबर की रात घर में घुसकर मारपीट में घायल सचिन राजभर 21 वर्ष की नौ दिन बाद मंगलवार को उपचार के दौरान मऊ के निजी अस्पताल में मौत हो गई। घटना की खबर लगते ही परिवार के सदस्यों का रोते-रोते बुरा हाल रहा। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही व अब तक किसी आरोपी को गिरफ्तार न करने का आरोप लगाया। नगरपुरा गांव में 24 नवंबर को पुरानी रंजिश को लेकर सचिन राजभर व रंजित सिंह के बीच मारपीट हो गई। जिसमें सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। वहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने वाराणसी को रेफर कर दिया। परिजन बेहतर इलाज के लिए मऊ लेकर गए। परिजन ने आरोप लगाया कि घटना के बाद तहरीर देने पर पुलिस ने दो दिन बाद हल्के धारा में प्राथमिकी दर्ज की। इस बाबत थाना प्रभारी दिनेश पाठक ने कहा कि घटना स्थल पर हूं। शव को पोस्टमार्टम को भेजा जा रहा है। पूर्व में दर्ज प्राथमिकी में धारा की बढोत्तरी कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तत्कालीन थाना प्रभारी, हल्का इंचार्ज समेत छह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**बलिया।** मारपीट के मामले में थाना प्रभारी द्वारा दबाव देकर तहरीर बदलवाने और जबरदस्ती अंगूठा लगाने के आवेदन पर कोर्ट ने संज्ञान लिया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तत्कालीन थाना प्रभारी गजानंद चौबे, हल्का प्रभारी उपनिरीक्षक अजय कुमार सहित छह पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है। बैरिया निवासी सोमारी देवी ने न्यायालय में आवेदन देकर आरोप लगाया कि जून माह में भूमि विवाद को लेकर पड़ोसी रिंकू देवी से विवाद हो गया। वह चार पांच लोग दरवाजे पर चढ़कर गाली गलौज करते हुए घर में घुस कर चाकू व लात घूसा से पिटाई कर दी।

## गोरखपुर समाचार

### 40 हजार के लिए दोस्त का सिर कुल्हाड़ी से काटा



**गोरखपुर।** 'अंबुज ने मुझे एक अवैध पिस्टल 40 हजार रुपए में दी थी। वह खराब थी। मैंने पैसे मांगे तो विवाद हो गया। दोस्तों के साथ मिलकर बेसबॉल और डंडे से पीटकर अधमरा कर दिया। फिर उसे कार में डाल लिया। मैंने गला दबा कर मार डाला। फिर कार के अंदर ही कुल्हाड़ी से अंबुज की गर्दन काटकर अलग कर दी। उसकी पहचान न हो, इसलिए न्यूड कर दिया। हाथ में बंधे रक्षा सूत्र उतार दिए। दाएं हाथ की बीच की अंगुली में अंगूठी पहने था, उसे काटकर अलग कर दिया। शव को लेकर हम लोग 50 किमी दूर महराजगंज जिला पहुंचे। श्यामदेउरवां में नहर किनारे झाड़ियों में सिर फेंका। 10 किमी. दूर अंबुज का धड़ भी फेंक दिया।' यह कबूलनामा है अंबुज के जिगरी दोस्त आयुष सिंह का। पुलिस ने अंबुज की हत्या में उसे मुख्य आरोपी बनाया है। एक मांगलिक कार्यक्रम में उसे बुलाकर आयुष ही लेकर गया था। घर वापस नहीं लौटने पर परिजन ने पुलिस में मिसिंग कप्लेन की। पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया तो बताया कि उसने हत्या कर लाश को ठिकाने लगा दी है। हत्यारोपी आयुष की निशानदेही पर ही पुलिस ने शवों के टुकड़ों को बरामद भी किया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। एंबुलेंस में ही पिता ने बेटे का पिंडदान किया। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि 28 नवंबर को तिवारीपुर थाने में सूर्यविहार कालोनी के संतोष मणि त्रिपाठी ने अपने बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि 26 नवंबर को उनका बेटा अंबुज (20) घर में था। तभी एक अर्टिगा कार आई। उसमें उसका दोस्त आयुष बैठा था। जब मैंने बेटे से पूछा- कहां जा रहे हो तो उसने कहा कि एक हल्दी कार्यक्रम में जा रहा हूं। इसके बाद बेटा घर से चला गया। देर रात कॉल की तो फोन स्विच ऑफ था। अगले दिन यानी 27 नवंबर को भी जब बेटा नहीं लौटा तो सब परेशान हो गए। पत्नी और बेटी रोने लगे।

मैंने रिश्तेदारों में भी फोन करके पता किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद वह थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अंबुज के मोबाइल को सर्विलांस पर लगाया।

## लाइफ मंत्र

### आस्था का अनोखा संगम, जानें भारत के 5 ऐसे मंदिर जहां दर्शन मात्र से दूर हो जाते हैं कष्ट

भारत आस्था और श्रद्धा की धरती है। यहां पर अनगिनत मंदिर हैं, जिनकी महिमा सिर्फ देश ही नहीं बल्कि विश्व भर में फेमस है। हर राज्य, हर शहर में कोई न कोई ऐसा पवित्र स्थान है, जहां पर हर साल लाखों की संख्या में भक्त अपनी मनोकामना के पूरी होने की आस में पहुंचते हैं। इन मंदिरों में सिर्फ पूजा ही नहीं बल्कि विश्वास की गूंज भी सुनाई देती है। भारत देश में कुछ ऐसे प्रसिद्ध मंदिर हैं, जिनके बारे में लोगों के मन में गहरी आस्था है। यहां पर पहुंचने मात्र से लोगों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे चमत्कारी और प्रसिद्ध मंदिरों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके बारे में मान्यता है कि यहां पर आने से हर भक्त की मनोकामना पूरी होती है।



**काशी विश्वनाथ मंदिर, वाराणसी**

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर को भगवान शंकर का निवास स्थान माना जाता है। काशी विश्वनाथ मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है, जोकि गंगा नदी के तट पर बसा है। काशी को भगवान शिव की नगरी भी कहा जाता है। काशी में मृत्यु भी मोक्ष का द्वार मानी जाती है। धार्मिक मान्यता है कि यहां पर एक बार सच्चे मन से जो भी जातक भगवान शिव के दर्शन कर लेता है, उसके सभी कष्टों और पापों का अंत हो जाता है। सावन के महीने में भगवान शिव का विशेष जलाभिषेक और श्रृंगार किया जाता है। इस दौरान देशभर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। वहीं इस मंदिर में दर्शन मात्र से मनोकामना पू-री होती है।

**तिरुपति बालाजी मंदिर, आंध्र प्रदेश**

तिरुपति बालाजी मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में स्थित है। यह मंदिर भगवान विष्णु के वेंकटेश्वर रूप को समर्पित है। तिरुपति बालाजी मंदिर तिरुमला पर्वत पर स्थित है, इस मंदिर को भारत के सबसे प्रसिद्ध और धनी मंदिरों में से एक माना जाता है। मान्यता है कि इस मंदिर में दर्शन मात्र से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं और जीवन में शुभता का वास होता है। इस मंदिर में बाल अर्पित करने की भी परंपरा है। जब भक्त की कोई विशेष मुराद पूरी हो जाती है, तो वह अपने बाल भगवान को समर्पित करते हैं।

**शिरडी साईं बाबा, महाराष्ट्र**

महाराष्ट्र के शिरडी गांव में स्थित साईं बाबा के मंदिर में हिंदू और मुस्लिम दोनों धर्म से जुड़े लोग दर्शन के लिए आते हैं। साईं बाबा ने सभी को समानता, प्रेम और सेवा का संदेश दिया था। माना जाता है कि शिरडी की यात्रा करने से व्यक्ति के जीवन के सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है और बाबा स्वयं अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। यहां आने वाले भक्तों को सिर्फ साईं बाबा का आशीर्वाद नहीं मिलता है, बल्कि उनके मन को गहरी शांति और आध्यात्मिक सुकून भी मिलता है।

**खाटू श्याम मंदिर, राजस्थान**

राजस्थान के सीकर जिले में खाटू गांव में खाटू श्याम का मंदिर स्थित है। यह मंदिर भगवान श्रीकृष्ण के अवतार खाटू श्याम जी को समर्पित है। खाटू श्याम महाभारत के वीर योद्धा बर्बरीक का रूप माने जाते हैं। माना जाता है कि कलियुग में वह भगवान के नाम से श्रद्धालुओं की सभी इच्छाएं पूरी करते हैं। यहां का श्याम कुंड भी काफी फेमस है। जहां पर भक्त स्नान करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि श्याम कुंड में स्नान करने से जातक के मन की हर इच्छा पूरी होती है।

**वैष्णों देवी मंदिर, जम्मू-कश्मीर**

त्रिकूट पर्वस पर स्थित मां वैष्णों देवी मंदिर शक्ति का पवित्र धाम है। यह भारत के सबसे पूजनीय तीर्थस्थलों में से एक है, यहां पर हर साल लाखों की संख्या में भक्त दर्शन के लिए आते हैं। धार्मिक मान्यता है कि देवी वैष्णों अपने भक्तों की सभी इच्छाओं को पूरा करती हैं और अपने भक्तों को सुख-समृद्धि और शांति प्रदान करती हैं। यहां की यात्रा काफी कठिन है, लेकिन माना जाता है कि मां के दरबार तक पहुंचने वाले भक्त की हर मनोकामना पूरी होती है।

## एचआईवी से एड्स बनने में लगता है कितना समय? डॉक्टर ने बताई सच्चाई



विश्व एड्स दिवस पर, डॉक्टर बताते हैं कि एचआईवी वायरस से एड्स बनने में 8-10 साल लग सकते हैं, जो व्यक्ति की सेहत और उपचार पर निर्भर करता है। एचआईवी संक्रमण के शुरुआती लक्षणों जैसे सिरदर्द, बुखार और थकान को पहचानकर तुरंत डॉक्टर की सलाह लेना महत्वपूर्ण है, ताकि एड्स के अंतिम चरण तक पहुंचने से रोका जा सके और स्वस्थ जीवन जिया जा सके। HIV का नाम सुनते ही कई लोगों के मन में सवाल जरुर आते हैं, यह एक ऐसी बीमारी है, जिसके साथ कई स्टिग्मा जुड़े हुए है। विश्व एड्स दिवस हर साल 1 दिसंबर को मनाया जाता है। इसे मनाने का मुख्य उद्देश्य HIV/AIDS के बारे में जागरूकता बढ़ाना, बीमारी से जुड़े मिथकों और भेदभाव को दूर करना, तथा इससे प्रभावित लोगों के प्रति समर्थन और संवेदना प्रकट करना है। एचआईवी Human Immunodeficiency Virus हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देता है। यह बीमारी अनसेफ सेक्शुअल रिलेशन, संक्रमित सुई और ब्लड से यह वायरस हमारे शरीर में प्रवेश कर सकता है। अगर सही समय पर इसके लक्षण नहीं पहचाने गए, तो एड्स एख लाइलाज बीमारी बन जाती है। वैसे तो एड्स पूरी तरह से ठीक नहीं हो सकता है लेकिन डॉक्टर की सलाह और लाइफस्टाइल में बदलाव के कारण जीवन अवधि को बढ़ाया जा सकता है। आइए आपको बताते हैं एचआईवी वायरस से एड्स होने में कितना वक्त लगता है?

**क्यों मनाया जाता है?**

विश्व एड्स दिवस हर वर्ष 1 दिसंबर को इसलिए मनाया जाता है ताकि HIV/AIDS के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके। आज भी कई लोग इस बीमारी को लेकर डर, गलतफहमियों और मिथकों से घिरे रहते हैं। ऐसे में यह दिवस लोगों तक सही जानकारी पहुंचाने और फैल चुकी गलत धारणाओं को दूर करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

**एचआईवी से एड्स होने में कितना वक्त लगता है?**

- डॉक्टर के मुताबिक, शरीर में एचआईवी वायरस के प्रवेश करने के बाद यह धीरे-धीरे हमारे इम्यून सिस्टम को कमजोर कर देता है। यदि सही समय पर HIV का इलाज न किया जाए, तो यह एड्स बनने में कई साल लग जाते हैं। कई मरीजों में 8-10 साल बाद एचआईवी, एड्स में बदलता है।
- यह समय हर व्यक्ति के लिए अलग-अलग हो सकता है। इस दौरान व्यक्ति की सेहत, इम्यून सिस्टम और देखभाल पर भी काफी निर्भर करता है कि यह वायरस कितने वक्त में एड्स में बदलेगा।
- एड्स, एचआईवी संक्रमण का अंतिम चरण होता है, जिसमें व्यक्ति की प्रतिरक्षा प्रणाली अत्यधिक कमजोर हो जाती है। यदि समय पर उचित इलाज और देखभाल न मिले, तो एचआईवी संक्रमित व्यक्ति में एड्स विकसित हो सकता है। हालांकि, आधुनिक एंटीरेट्रोवायरल दवाएं समय रहते जांच और सही उपचार मिलने पर एड्स बनने की प्रक्रिया को रोक सकती हैं।

**एचआईवी के शुरुआती लक्षण क्या-क्या हैं?**

- सिरदर्द
- बुखार
- रात में पसीना आना
- अचानक से वजन कम होना
- थकान महसूस होना
- गर्दन के आस-पास सूजन और दर्द
- भूख कम होना
- स्किन पर रैशेज होना

**एचआईवी के लक्षण नजर आने पर क्या करें?**

यदि आपको एचआईवी के लक्षण महसूस होते हैं, तो सबसे पहले आप डॉक्टर की सलाह लें। इन लक्षणों को नजरअंदाज न करें।



# अंगदान से जीवनदान, भारत में लिवर ट्रांसप्लांट की बढ़ती मांग के पीछे का पूरा सच

वैश्विक स्तर पर कैंसर और हृदय रोग सबसे बड़ा कारण है। भारत में हर साल लाखों की संख्या में लोगों की मौत समय पर जरूरी अंग न मिल पाने की वजह से भी हो जाती है। हालांकि इस दिशा में कई व्यापक प्रयास और जागरुकता अभियान चलाए जा रहे हैं। जिसकी वजह से अंगदान के लिए अधिक से अधिक लोग आगे आएं और जरूरतमंदों को समय पर अंग मिल सकें। वहीं इससे संबंधित एक हालिया रिपोर्ट काफी राहत देने वाली है। इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत दुनिया में सबसे ज्यादा संख्या में लिवर प्रत्यारोपण करने वाला देश बन गया है। यह जानकारी लिवर ट्रांसप्लांटेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया की तरफ से दी गई है।

**बड़ी संख्या में मौतें**

मेडिकल रिपोर्ट्स पर एक नजर डालें तो यह पता चलता है कि भारत में हर साल प्रत्यारोपण के लिए जरूरी अंगों की कमी की वजह से करीब 5 लाख लोगों की मौत हो जाती है। हर दिन कम से कम 15 लोगों की मौतों की एक वजह अंगों की कमी होना है। बड़ी संख्या में लोगों की मौत लिवर फेलियर और समय पर लिवर ट्रांसप्लांट न होने की वजह से भी हो जाती है। हालांकि भारत ने इसमें काफी ज्यादा सुधार किया है। जहां पर हर साल करीब 30,000 मरीजों को लिवर ट्रांसप्लांट से बचाया जा सकता है, वहीं यह सिर्फ 1,800 को ही मिल पाता है।

> **मेडिकल रिपोर्ट्स पर एक नजर डालें तो यह पता चलता है कि भारत में हर साल प्रत्यारोपण के लिए जरूरी अंगों की कमी की वजह से करीब 5 लाख लोगों की मौत हो जाती है। हर दिन कम से कम 15 लोगों की मौतों की एक वजह अंगों की कमी होना है।**

लिवर ट्रांसप्लांटेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष ने कहा कि भारत का लिवर ट्रांसप्लांट इकोसिस्टम विज्ञान, मानवता, नैतिकता के बीच पूर्ण सामंजस्य का प्रतिनिधित्व करता है। भारतीय मॉडल दुनिया के लिए लिविंग डोनर लिवर प्रत्यारोपण का एक स्वर्णिम मानक बन गया है।

**कब पड़ती है लिवर ट्रांसप्लांट की जरूरत**

अब आपके मन में यह सवाल आ रहा होगा कि आखिर लिवर ट्रांसप्लांट की जरूरत कब होती है। साथ ही पहले से ही क्या उपाय किए जाएं कि भविष्य में इस तरह की कोई नौबत न आने पाए। लिवर ट्रांसप्लांट एक ऐसी सर्जरी है, जिसमें फेल हो चुके या फिर ठीक से काम न कर रहे लिवर को निकाल दिया जाता है। उसकी जगह किसी डोनर लिवर को लगाया जाता है। इससे व्यक्ति की जान बच सकती है।

क्योंकि लिवर शरीर का एक अहम अंग है, जोकि कई जरूरी काम जैसे दवाइयों, न्यूट्रिएंट्स और हॉर्मोन को प्रोसेस करने, खून को साफ करने, बाइल बनाने और भोजन को पचाने में सहायता करता है। इसलिए डोनर लिवर को लगाने से यह सारे काम फिर से सही तरीके से होने लग जाते हैं।

**लिवर फेलियर और इसकी वजह**

एक्सपर्ट की मानें, तो आमतौर पर लिवर ट्रांसप्लांट उन लोगों के लिए एक इलाज का तरीका होता है। जिनको आखिरी स्टेज की क्रॉनिक लिवर डिजीज है। लिवर ट्रांसप्लांट उन दुर्लभ मामलों में किया जाता है, जब किसी व्यक्ति का लिवर सामान्य तौर पर काम नहीं कर रहा होता है। परेशानी की बात यह है कि लिवर ट्रांसप्लांट के लिए इंतजार लोगों की संख्या, उपलब्ध डोनर लिवर की संख्या से अधिक है।

हेपेटाइटिस बी और सी जैसे संक्रमण और एल्कोहॉलिक लिवर डिजीज, जिसमें अधिक शराब पीने से लिवर को नुकसान होता है। वहीं लिवर की अन्य गंभीर बीमारियों की वजह लिवर फेलियर का खतरा अधिक रहता है। इसमें भी लिवर ट्रांसप्लांट करने की जरूरत हो सकती है।

**इन समस्याओं से करें बचाव**

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक पहले से ही कुछ जरूरी उपाय करने से आप लिवर को हेल्दी और फिट रख सकते हैं। लिवर को हेल्दी रखने के लिए फल, सब्जियों और लीन प्रोटीन से भरपूर संतुलित डाइट लें।

अनहेल्दी फैट, चीनी और प्रोसेस्ड फूड का सेवन कम करना चाहिए। इसके अलावा वेट कंट्रोल करने, नियमित व्यायाम करने और शराब से दूरी बनाकर आप अपने लिवर को बीमारियों से बचे रह सकते हैं। लिवर ट्रांसप्लांट जैसे जटिलताओं से भी अपना बचाव कर सकते हैं।

**डिस्क्लेमरः** इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें। किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

## बीज से बोया जाएगा आलू, शुगर, यूरिक एसिड और मोटापे पर लगेगी लगाम, शोध में खुलासा



आलू में सोलानिन, चाकोनिन और कार्बोहाइड्रेट को कम किया जा सकेगा। इससे कई तरह की बीमारियों और आलू के सेवन से पड़ने वाले प्रभाव को भी कम किया जा सकेगा। सीपीआर इंडिया ने इस पर अपना शोध पूरा कर लिया है। आलू पर चलने वाले सीपीआर इंडिया का शोध अब पूरा हो चुका है।

अब आलू की बोवाई कंद की जगह बीज से कराने की तैयारी की जा रही है। बीज में आलू के डीएनए-क्रामोसोम को कंट्रोल करना काफी आसान होगा। इस तरह से आलू की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकेगा। जीन में बदलाव से आलू के सेवन से ग्लूकोइनडेक्स में भी सुधार आता है और इससे मधुमेह और अन्य बीमारियों वाले मरीज आराम से इसका इस्तेमाल कर सकेंगे। साथ ही इससे आलू की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकेगा।

आलू में सोलानिन, चाकोनिन और कार्बोहाइड्रेट को कम किया जा सकेगा। इससे कई तरह की बीमारियों और आलू के सेवन से पड़ने वाले प्रभाव को भी कम किया जा सकेगा। सीपीआर इंडिया ने इस पर अपना शोध पूरा कर लिया है। अगले साल से टीपीएस डिपलाइड विधि से तैयार होने वाली आलू की नई प्रजातियों का बीज मौजूद होगा। इससे आलू को भी बीज से बोया जाएगा। अभी तक आलू का कंद टेट्रालाइड तकनीक से तैयार किया गया है।

**अब बीज से बोया जाएगा आलू**

देश-दुनिया के सभी क्षेत्रों में आलू पैदा होने वाली फसल है। इसका प्रयोग भी विभिन्न रूप से करीब सभी लोग करते हैं। हालांकि अभी तक आलू को परंपरागत तरीके से बोया जाता है। इसके कंद को जमीन में दबाकर नई फसल तैयार की जाती है। कंद को टेट्रालाइड विधि से तैयार किया जाता है। इसके जीन में क्रोमोसोम के चार गुणसूत्र होते हैं। किसी न किसी गुणसूत्र में पुरानी प्रजाति के गुणधर्म पहुंचने की भी आशंका बनी रहती है।

अभी हाल ही में एक शोध पूरा किया गया है। इसमे आलू के बीज अटालाइड की बजाय डिपलाइड विधि से तैयार किया जाएगा। इसमें जीन के क्रोमोसोम के दो गुणसूत्र होंगे। वहीं एक्सपर्ट भी इसको सही से कंट्रोल कर पा रहे हैं। परंपरागत इससे आलू के गुणधर्म में बदलाव किया गया है और आलू का ग्लूकोइंडेक्ट भी सुधारा गया है। इसमें ग्लूकोज के रिलीज होने की गति को भी आसानी से कम किया जा सकेगा। साथ ही कार्बोहाइड्रेट का लेवल भी कम किया जा सकेगा।

ऐसे में मोटापे और मधुमेह के मरीजों को सामान्य रूप से आलू का प्रयोग कर सकेंगे। इसके साथ ही इस तरह से आलू के डीएनए में चाकोनिन और सोलानिन को भी कंट्रोल किया जा सकेगा। इससे सिर चकराने, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर के मरीज आराम से आलू का इस्तेमाल कर सकेंगे। आलू से बढ़े हुए यूरिक एसिड वाले लोगों को समस्या होती है।

**जानिए क्या होगा बदलाव**

कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान विज्ञानी की मानें, तो अब आलू की बुआई कंदों की जगह पर 'सच्चे आलू के बीज' से होगी। इससे आलू उत्पादन की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव आया है। आलू के बीज या टीपीएस आलू के पौधों में फूल आने के बाद बनने वाली फलियों से प्राप्त छोटे-छोटे बीज होते हैं। यह सामान्य कंद वाले बीजों से अलग होते हैं। वहीं इन फसलों में बीमारियों को भी कंट्रोल किया जा सकेगा।

आलू का शोध पूरा हो गया है। ऐसे में आने वाले साल में आलू को कंद की जगह बीज से बोया जाएगा। इसको ट्रायल के लिए हर राज्य को दिया जाएगा और फिर किसानों को आवंटन शुरू हो जाएगा। बीज से आलू बोने पर इसकी गुणवत्ता में काफी सुधार हो रहा है। इसमें कार्बोहाइड्रेट सहित अन्य कई तत्वों को कंट्रोल कर लिया गया है। इससे आलू की फसल में कम बीमारी लगेंगी और आलू का सेवन करने के दौरान बीमारियों का भी डर नहीं होगा।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पताः टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएंः पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF.: SHOP No-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682